Regarding scarcity of potable water in Bharatpur(Rajasthan)

श्रीमती संजना जाटव **(भरतपुर) :** सभापति महोदया, मैं भरतपुर क्षेत्र की समस्त जनता जनार्दन और सर्व समाज को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहती हूँ, क्योंकि उन्होंने मुझे यहां, हिन्दुस्तान की सबसे बड़ी पंचायत में चुन कर भेजा है ।

महोदया, मैं भरतपुर संसदीय क्षेत्र से आती हूं । यहां शहर से लेकर गांव तक पानी की बड़ी समस्या है । मेरे क्षेत्र में पीने योग्य पानी की कमी है क्योंकि ज्यादातर पानी में फ्लोराइड और खारापन है, जिसके पीने से गंभीर बिमारियों से लोग जूझ रहे हैं ।

महोदय, मेरे भरतपुर में ज्यादातर आबादी खेती पर निर्भर है । परिवार का पेट भरने के लिए खेती के अलावा रोजगार का कोई अन्य साधन नहीं है । पानी की कमी के कारण किसान भुखमरी और आत्महत्या करने पर मजबूर है ।

महोदया, मैं जमीन से जुड़ी हुई हूं और एक किसान परिवार की बेटी हूं, इसलिए किसानों का दर्द महसूस करती हूं । सरकार पानी को लेकर बड़ी-बड़ी घोषणाएं करती है, परंतु आज धरातल पर कोई काम नहीं हुआ है । मुझे इस बात का दुख है कि पूरा देश राजस्थान में पानी की किल्लत को बखूबी जानता है, फिर भी बजट में राजस्थान की अनदेखी की गई है । सरकार ने राजस्थान की जनता को पानी से संबंधित या कोई अन्य राहत पैकेज नहीं दिया है ।

माननीय सभापति **:** आप अपनी बात कंप्लीट कीजिए ।

श्रीमती संजना जाटव **:** महोदया, अंत में, आपके माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि राजस्थान और मेरे संसदीय क्षेत्र भरतपुर में उक्त गंभीर और विकट समस्या पर ध्यान देकर यहां की जनता को कृतार्थ करें । धन्यवाद ।